हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

10 केशला में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



10 व्यसन मुक्त युवाओं का गायत्री परिवार ने किया सम्मान





# पार्टी के एजेंडे को आगे बढ़ाने वाले कार्यकर्ता हो मंडल अध्यक्ष : गौरीशंकर

## संगठन चुनाव कार्यशाला में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा बलौदाबाजार संगठन चुनाव कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय में सोमवार को हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं जिला चुनाव अधिकारी पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने की।

जिला चुनाव अधिकारी डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने बताया कि संगठन पर्व के प्रथम चरण में बूथ समितियों का गठन लगभग पूरा हो चुका है। 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का चुनाव होगा, जबकि 16 से 30 दिसंबर तक जिला अध्यक्ष के चुनाव संपन्न होंगे। उन्होंने कहा की भाजपा एकमात्र ऐसा दल है, जहां बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का चुनाव पारदर्शिता और लोकतांत्रिक तरीके से होता है। मंडल अध्यक्ष के लिए न्यूनतम दो बार सक्रिय सदस्य रहना अनिवार्य है और उनकी अधिकतम आयु 45 वर्ष होनी चाहिए, जिसे चुना जा रहा है, वह पहले से पार्टी के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुका हो। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि अन्य दलों में भाजपा की तरह संगठनात्मक कार्यशालाएं और लोकतांत्रिक चुनाव नहीं होते। भाजपा में हर कार्यकर्ता को शीर्ष पद तक पहुंचने का अवसर मिलता है।




### ये जन प्रतिनिधि शामिल हुए

इस कार्यशाला में उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू, पूर्व संसदीय सचिव एवं जिला प्रभारी मोतीराम चंद्रवंशी, जिला संयोजक डॉ. अजय राव, योगेश चंद्राकर, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, टेसुलाल धुरंधर, राकेश तिवारी, कृष्णा अवस्थी, विजय केशरवानी और कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीएम बघेल आज कसडोल प्रवास पर



**कसडोल।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज संविधान रक्षक अभियान के तहत कांग्रेस भवन कसडोल पहुंचेंगे। जानकारी के अनुसार दोपहर 1.45 बजे श्री बघेल कांग्रेस भवन पहुंचकर इस अभियान में शामिल होंगे। विधायक संदीप साहू ने कांग्रेस सदस्यों, पदाधिकारियों, महिला संघटन सहित कांग्रेस सेवा दलों को उक्त अभियान में शामिल होने का आव्हान किया है।

### रासेयो शिविर आज से

**पवनी।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पवनी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर मेरा युवा भारत अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला रमतला में 3 से 9 दिसंबर तक आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ईश्वर भारती, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच छतराम भारती एवं अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एके साहू उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम प्रभारी एचआर कुर्रे ने दी।

### मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



**हिरमी-रावन।** ग्राम पंचायत मुशुवाडीह में मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सरपंच प्रतिनिधि आशीष वर्मा ने सम्मान करते हुए कहा कि मितानिनों द्वारा कुपोषित बच्चे गर्भवती महिलाओं एवं अन्य प्रकार की सेवा निःस्वार्थ रूप से करते हैं। इस तरह के सम्मान से मितानिनों का हौसला बुलंद होता है। कायक्रम में सरपंच सुशीला वर्मा, नेमीचंद, पुनाराम, राजकुमार, सचिव विजय चेलक, नारायण सारथी सभी उपस्थित थे।

### एनडीआरएफ का संयुक्त मॉक ड्रिल 6 को

**महासमुंद।** बाढ़ जैसी आपदा स्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के सहयोग से दो दिवसीय अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत 05 दिसंबर 2024 को बाढ़ बचाव परिदृश्य पर आधारित टेबल टॉप बैठक और 6 दिसंबर 2024 को संयुक्त मॉक ड्रिल किया जाएगा। मॉक अभ्यास के आयोजन के लिए एनडीआरएफ की 20-25 सदस्यीय टीम एक राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में 4 दिसंबर 2024 को पहुंचेगी।

## दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर संघ के तृतीय वार्षिक महाधिवेशन में शामिल हुए सांसद बृजमोहन

# कोई भी दस्तावेज लेखक बेरोजगार नहीं होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर संघ के तत्वावधान में तृतीय वार्षिक महाधिवेशन सिमगा के मिनी स्टेडियम में आयोजित किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर संघ के पदाधिकारियों ने आतिशबाजी के साथ अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रचलित कर की गई।

प्रदेशभर से पहुंचे दस्तावेज लेखक संघ के सदस्यों को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कितनी भी नहीं तकनीक आ जाए, लेकिन लिखने पढ़ने का कार्य कभी बंद नहीं होगा। दस्तावेज लेखक को छोटा वकील कहते हैं। आज हम कप्यूटर का उपयोग करते हैं, परंतु कंप्यूटर अपने आप कोई कार्य नहीं करता है, उसे आप और हम ही चलाते हैं। आप लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। कार्यक्रम में दस्तावेज लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष गुप्ता, सुरज सिंह ठाकुर, अनिमेष पांडे, राकेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।



### कितनी भी नई तकनीक आ जाएं, लेकिन कागज कलम का कार्य कभी बंद नहीं हो सकता

कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि जिसके हाथ में कागज कलम है, वह भयभीत हो ही नहीं सकता। आज हर क्षेत्र में नई–नई टेक्नोलॉजी का उपयोग हो रहा है। आप लोग भी इसे अपनाकर अपना कार्य कर सकते हैं। सरकार द्वारा जो नए नियम लाया गया है, इसका उद्देश्य बोगस रजिस्ट्री का फर्जी कार्य बंद हो, लोगों के साथ कोई धोखाधड़ी न हो, इसलिए सरकार नई-नई योजनाएं लागू कर रही हैं।

### दस्तावेज लेखक संघ के भवन के लिए पांच लाख देने की घोषणा की

मैं आप लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहता हूं कि आपका एक भी साथी बेरोजगार नहीं होगा। जो नई टेक्नोलॉजी लागू की जा रही है उसे अपनाने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि आप लोगों की जो मांगें पूरी करने लायक होगी उसे पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए सरकार से भले ही लड़ना पड़े, मैं पीछे नहीं हटूंगा। उन्होंने दस्तावेज लेखक संघ के भवन हेतु पांच लाख देने की घोषणा की।

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने किया धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शहरी नये नियम के विरोध में सोमवार को नगर पालिका सिमगा कार्यालय के सामने कांग्रेसी पार्षदों ने एक दिवसीय धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। सभापति संजय कोसले ने बताया कि आवास योजना में जाति प्रमाण पत्र हटाने, पिता के नाम की जमीन पर बेटे को सहमति पत्र के आधार पर पात्रता देने, 10 वर्षों से घास जमीन में निवासरत निवासियों को पट्टा दिया जाए ताकि आवास योजना का उन्हें लाभ मिल सके, 10 वर्षों से आबादी जमीन में निवासरत को पट्टा प्रदान करने एवं 1 वर्ष पूर्व आवास हेतु भरे आवेदन को प्राथमिकता देने संबंधी मांगें शामिल हैं। तत्पश्चात ▸▸ शेष पेज 09 पर

## 70 प्लस का आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनना शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

स्वास्थ्य अधिकारी की पहल एवं खंड चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार 70 से अधिक वृद्धजनों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरपाली में संस्था प्रभारी केशव प्रसाद पैकरा के निर्देशन में प्रति दिवस सुबह 10 से शाम 5 बजे तक निःशुल्क बनाया जा रहा है। इस योजना में 5 लाख तक मुफ्त इलाज के लिए 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को केवाईसी कर नया आयुष्मान कार्ड बनवाना होगा। कार्ड नहीं बनवाने पर सरकारी या निजी अस्पताल राशन कार्ड के प्रकार के अनुसार पुरानी लिमिट में ही इलाज किया जावेगा।

70 प्लस आयु वर्ग के लोग अपने आधार कार्ड से ऑनलाइन या अपनी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या किसी चॉइस सेंटर में पहुंचकर ऑनलाइन कार्ड बनवा सकेंगे।

## जनपद पंचायत अध्यक्ष पर काम के बदले पैसे लेने का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

- सरपंच ने जिला पंचायत सीईओ से की शिकायत, जांच टीम हुई गठित

जनपद पंचायत कसडोल के अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा पर 15वें वित्त की राशि जनपद स्तर में राशि वितरण के संबंध में पैसे लेने का आरोप लगाते हुए सिनोधा पंचायत के सरपंच सपना मांझी ने जिला पंचायत सीईओ से शिकायत की है। इसकी प्रतिलिपि शिकायतकर्ता ने जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा को सौंपी है। इस मामले पर सोशल मीडिया पर पैसे गिनने का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें जनपद अध्यक्ष के कैबिन में पैसे गिनते दिखाई दे रहा है। वीडियों में कई लोग आपस में बात कर रहे हैं, हालांकि हरिभूमि इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। ▸▸ शेष पेज 09 पर




### 9 लाख का काम देने 2 लाख लिया

मुझे लगभग 9 लाख का काम देने 2 लाख लिया गया, पिछले समय भी 1 लाख लिया गया था। मुझे न ही काम दिया गया और न ही पैसा वापस किया गया।

-सपना मांझी
सरपंच, ग्राम पंचायत, सिनोधा

### छवि बिगड़ने में सफल नहीं होंगे

राजनीति से प्रेरित होकर शिकायत की गई है, जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह पूरा वीडियो नहीं है, शिकायतकर्ता से पूरा वीडियो मांगिये। मैंने किसी से कोई पैसा नहीं लिया है। चुनाव में इन्हें जनता जवाब देगी।

-सिद्धांत मिश्रा
अध्यक्ष, जनपद पंचायत, कसडोल



## वीरभूमि सोनाखान में शहादत दिवस 8 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर सोनाखान में तीन दिवसीय समारोह का आयोजन रखा गया है। 8 से 10 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले इस समारोह की तैयारी के लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन हेतु तैयारी के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी और समय–सीमा में तैयारी पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस के अवसर पर 10 दिसम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सोनाखान आगमन प्रस्तावित है, जिसमें शहीद स्मारक स्थल में अमर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि, मंचीय कार्यक्रम एवं विभिन्न विकास कार्योंर् का लोकार्पण भी करेंगे। कलेक्टर ने हेलीपेड निर्माण, मंच निर्माण तथा पंडाल हेतु लोक निर्माण विभाग,बॉस बल्ली हेतु वन विभाग, साफ –सफाई हेतु नगर पंचायत कसडोल, पेयजल हेतु पीएचई, शांति एवं कानून व्यवस्था एवं पार्किंग हेतु पुलिस, विद्युत व्यवस्था ▸▸ शेष पेज 09 पर

## प्रकाश राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एक्सपर्ट पैनल के बनाए गए मेंबर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष व व्यवसायी प्रकाश मोदी को भारत सरकार के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के आदेशानुसार एक्सपर्ट पैनल में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है।

प्रकाश मोदी की नियुक्ति के लिए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, रायपुर लोकसभा के सांसद ब्रजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा , पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत की विशेष अनुशंसा रही।

श्री मोदी ने दिल्ली जाकर अल्पसंख्यक आयोग में राष्ट्रीय अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा एवं सदस्य जीन्नाप्पा धन्य कुमार गुंडे से मिलकर कार्यभार ग्रहण किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर उनका भी मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## नशा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

# प्रभारी सचिव परदेशी सिद्धार्थ ने जिला नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा की

बलौदाबाजार। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नशा मुक्ति अभियान की जिले के प्रभारी सचिव परदेशी सिद्धार्थ कोमल ने समीक्षा की। जिला मुख्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, पुलिस नोडल अधिकारी एश्वर्य चंद्राकर सहित अन्य संबंधित अधिकारी जुड़े रहे। इस दौरान प्रभारी सचिव ने जिले में नशा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर एसपी को दिए है। इसके साथ आम लोगों को नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी सचिव ने रेल्वे स्टेशन, नशा मुक्त पंचायत, नशा के खिलाफ गुप्त सूचनाओं को मजबूत करने, फैक्ट्री के प्रबंधकों को भी नशा मुक्ति अभियान में जोड़ने, शैक्षणिक परिसरों के आस पास 100 मीटर तक टोबैको फ्री करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि रायपुर संभाग में नशा मुक्ति अभियान में आपका जिला सबसे बेहतर कार्य कर रहा। इस दौरान कलेक्टर सोनी ने जिला प्रशासन द्वारा चलाएं जा रहे नई दिशा अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने नशा के खिलाफ चलाया जा रहा निजात अभियान और सख्त ▸▸ शेष पेज 09 पर



## देवरहा में हास्य कवि सम्मेलन कल

**पवनी।** ग्राम पंचायत देवरहा में शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर संचालित किया जा रहा है। इसके तत्वाधान में 4 दिसंबर को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन रात्रि 7 बजे से रखा गया है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के कवियों द्वारा हास्य, व्यंग्य, ओज, श्रृंगार आदि विधाओं में प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे शिविरार्थियों को साहित्य का व्यक्तित्व निर्माण में महत्त्व, कविता लेखन, गीत, निबन्ध रचना आदि सभी विधाओं का ज्ञान मिल सके। इस उद्देश्य से विभिन्न साहित्यकारों व कवियों को आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित कवियों में बंशीधर मिश्रा अकलतरा, प्रियंका गुप्ता खरसिया, पुरुषोत्तम गुप्ता खरसिया, मोहन सिंह ठाकुर खरसिया, ▸▸ शेष पेज 09 पर

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### कलार समाज ने किया बुजुर्गों का सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज रामनगर गुढ़ियारी परिक्षेत्र मंडल द्वारा राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु जयंती एवं बुजुर्गों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही युवक, युवती परिचय सम्मेलन भी रखा गया। कार्यक्रम बुद्ध विहार अशोक नगर गुढ़ियारी में रविवार को हुआ, जिसमें मंडलेश्वर पुरुषोत्तम जायसवाल एवं युवा मंच अध्यक्ष कुंदन कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल, युवा मंच प्रातीय उपाध्यक्ष नंदू सिन्हा, भुवन सिन्हा, सत्यनारायण सिन्हा, मोहन सिन्हा, सुशील सिन्हा, राजू सिन्हा, भीम सिन्हा, सालिकराम सिन्हा, जित्तू सिन्हा, हेमू सिन्हा, पप्पू सिन्हा, बंशी सिन्हा, महेश सिन्हा आदि शामिल थे।

### मुख्य अभियंता राजेश शर्मा सेवानिवृत्त



**रायपुर।** नगर निगम रायपुर में 42 वर्ष तक सेवाएं देने के बाद 30 दिसंबर को अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर मुख्य अभियंता राजेश शर्मा सेवानिवृत्त हो गए। वर्ष 1983 के दौरान नगर निगम रायपुर में अभियंता के रूप में नियुक्त श्री शर्मा ने रायपुर नगर निगम के मुख्यालय भवन, शहीद स्मारक भवन, सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, तेलीबांधा तालाब सौंदर्यीकरण विकास योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के कार्यों में नगर निगम के योजना विभाग की टीम को तकनीकी सुझाव व मार्गदर्शन दिया। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजेश शर्मा द्वारा नगर निगम को दी गई सेवाओं की सराहना की। अधीक्षण अभियंता रहे श्री शर्मा ने नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय तकनीकी प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता के कार्य दायित्व का निर्वहन किया।

### एयरपोर्ट विस्तार के लिए 23.64 करोड़ की स्वीकृति


**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए वित्त विभाग ने 23.64 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इससे एयरपोर्ट के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा से संबंधित कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन कार्यों की स्वीकृति से राज्य के एयरपोर्ट का उन्नयन और विकास प्रभावी व सुव्यवस्थित तरीके से हो सकेगा। इससे विमानन सेवाएं बेहतर होंगी और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। वित्त विभाग ने बिलासपुर एयरपोर्ट में एप्रन विस्तार और लाइटिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 96 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। एप्रन विस्तार कार्य के तहत एयरपोर्ट के उड़ान पट्टी के आसपास के क्षेत्र को बढ़ाया जाएगा, जिससे विमानों की पार्किंग और संचालन में सहूलियत होगी।

# रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव समेत 22 जिलों में रोड एक्सीडेंट से मौत के मामलों में इजाफा

## जनवरी से अक्टूबर 2023 तक के मुकाबले 2024 में सवा छह प्रतिशत अधिक मौतें दर्ज

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

राज्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और हादसे कम करने के तमाम उपायों के बीच भी पूरे छत्तीसगढ़ में रोड एक्सीडेंट में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ी है। पुलिस मुख्यालय की यातायात शाखा ने वर्ष 2023 और 2024 में जनवरी से लेकर अक्टूबर तक हुए रोड एक्सीडेंट के जो आंकड़े जारी किए हैं, उससे ये तथ्य सामने आया है कि प्रदेश के 22 जिलों में पिछले साल से सवा छह प्रतिशत अधिक लोगों की जान गई है। राज्य के 10 जिलों में ही सड़क दुर्घटना से मरने वालों की संख्या में कमी आई है।



### इन जिलों में बढ़े एक्सीडेंट से मौत के मामले

राज्यभर के 22 जिलों में एक्सीडेंट से मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी 2024 में अक्टूबर तक हुई है। इन जिलों में रायपुर, गरियाबंद, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम, मुंगेली, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर, जशपुर, कोंडागांव, बीजापुर, नारायणपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर जिला शामिल है। दूसरी ओर जिन जिलों में पिछले साल के मुकाबले मौत के मामले कम हुए हैं, उनमें बलौदाबाजार, महासमुंद, धमतरी, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सूरजपुर, जगदलपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिला शामिल है।

पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में राज्य के सभी जिलों में कुल मिलाकर एक्सीडेंट की 11 हजार 374 घटनाएं हुई थीं, लेकिन 2024 में यही आंकड़ा बढ़कर 12 हजार 309 हो गया है। इस तरह एक्सीडेंट के कुल मामलों की संख्या 935 बढ़ी है। इन घटनाओं में 2023 में मरने वालों की कुल संख्या 5 हजार 171 थी, 2024 में मरने वालों की संख्या 5 हजार 493 हो गई। मौतों की संख्या भी 322 बढ़ी है। इस प्रकार कुल मिलाकर पिछले साल के दस महीनों के मुकाबले इस साल मरने वालों की संख्या करीब सवा 6 प्रतिशत बढ़ गई है।

## कई जिलों में इसी तरह के हालात, किसानों की बढ़ेगी दिक्कत

# उपार्जन केंद्रों में पहुंचा धान का बफर स्टॉक जगह पर्याप्त नहीं होने से खरीदी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर/राजनांदगांव/धमतरी

छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू की गई है। 11 दिनों में अब तक 18.09 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 3.85 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। खरीदी केंद्रों से धान के उठाव को लेकर मिलरों से अनुबंध न होने के कारण कई जिलों के खरीदी केंद्रों से धान रखने की जगह कम पड़ रही है। वहीं मार्कफेड द्वारा खरीदी केंद्रों से उठाव कर संग्रहण केंद्रों में धान रखने की अनुमति दी जानी थी। कई जिलों में उसके लिए परिवहन अनुबंध का आदेश जारी न होने के कारण उठाव नहीं हो पा रहा है।

- **बारिश के चलते नमी बढ़ने से धान खरीदी पर भी पड़ेगा असर**

जानकारी के अनुसार, बालोद, धमतरी, बेमेतरा, दुर्ग, महासमुंद, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, मुंगेली समेत कई अन्य जिलों में लाखों टन धान की खरीदी हो चुकी है। खरीदी केंद्रों से उठाव नहीं होने के कारण यहां पर और धान रखने की जगह नहीं होने से आगे की खरीदी अटकने के आसार हैं। बालोद जिले के 88 खरीदी केंद्रों में करीब 10 लाख क्विंटल धान जाम पड़ा है। उठाव नहीं होने के कारण यहां आगे की खरीदी पर प्रभाव पड़ सकता है। बताया गया कि पूरे जिले में 14 नवंबर से अब तक 10 लाख 46 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं बेमेतरा जिले में 38 खरीदी केंद्रों में धान का उठाव नहीं होने से यहां पर रखने की जगह नहीं है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि यहां पर परिवहन अनुबंध आदेश जारी नहीं होने के कारण धान का उठाव नहीं हो पा रहा है। वहीं धमतरी जिले के सांकरा, नगरी के खरीदी केंद्रों में 5 लाख टन से अधिक का धान जाम है। यहां पर कई खरीदी केंद्रों से संग्रहण केंद्रों के लिए उठाव की अनुमति दी गई है। परिवहन अनुबंध के कारण कई खरीदी केंद्रों से धान का उठाव नहीं हो रहा है।

### दुर्ग जिले के 46 केंद्रों में बफर स्टॉक

दुर्ग जिले में 102 खरीदी केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी हो रही है। इनमें से 46 केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं है। अंडा, जामगांव आर, डीडाभाठा, नगपुरा, निकुम, निपानी, जामगांव एम, फेकारी, बटरेल, बरहापुर, राहटादाह, रौंदा, सेलूद, सुरपा, सांतरा, तिरगा आदि धान खरीदी केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं है। जिले में 19212 किसानों से 8 लाख 93 हजार 460 क्विंटल धान खरीदी हुई है। जबकि जिले में 1 लाख 14 हजार 775 किसानों से 67 लाख क्विंटल धान की खरीदी होनी है। केंद्रों में निर्धारित लिमिट से इतना ज्यादा धान जाम हो गया है कि इसके परिवहन में ही एक सप्ताह लग जाएंगे। ऐसी स्थिति में आने वाले दिनों में धान खरीदी प्रभावित हो सकती है।



### बारिश बन सकती है आफत

धान खरीदी के समय फेंगल चक्रवात के प्रभाव से राज्य के 17 से अधिक जिलों में पांच दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। खरीदी केंद्रों में धान को बारिश से बचाने के अलावा किसानों के सामने कटे हुए धान को बचाने की जुगत करनी पड़ेगी। वहीं खरीदी केंद्रों में 17 प्रतिशत से अधिक नमी आने पर धान की खरीदी प्रभावित हो सकती है। किसानों के बारिश आफत बनकर आ रही है।

### 10 प्रतिशत कटाई शेष

प्रदेश में धान की फसल पककर तैयार होने के बाद किसानों ने दीपावली के बाद कटाई शुरू की थी। अब भी प्रदेश में धान की 10 प्रतिशत खड़ी फसल की कटाई नहीं हो पाई है। बारिश से इन फसलों को नुकसान होने और आगे अगले पांच दिन तक कटाई में व्यवधान के चलते किसानों को दिक्कत हो सकती है। जिन किसानों की फसल कट कई है, उसे बचाने किसानों को फसल अपने घरों में रखनी पड़ेगी। नमी अधिक होने के कारण अभी इसे बेचना मुश्किल होगा।

### धान जाम, गड़बड़ाने लगी व्यवस्था



धमतरी जिले में सवा लाख क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी एक दिन में हो रही है। जिले के सभी खरीदी केंद्रों में अब तक 12 लाख 79 हजार 349 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। उठाव में सुस्ती के चलते अब तक 1 लाख 23 हजार 30 क्विंटल धान का ही परिवहन हो पाया है। शेष 11 लाख 56 हजार क्विंटल धान अभी भी समितियों में जाम पड़ा हुआ है। कई खरीदी केंद्रों की बफर लिमिट काफी कम है। धान का स्टाक ज्यादा होने से वहां पर खरीदी व्यवस्था डगमगाने लगी है। बड़े खरीदी केंद्रों में भी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। दो दिन से बारिश और मौसम खराब होने से खरीदी केंद्रों में धान को सुरक्षित रखने के लिए कर्मचारी जुटे हुए हैं।

### परिवहन ठप, केंद्रों में लिमिट से दोगुना धान

राजनांदगांव, खैरागढ़ सहित मोहला-मानपुर जिले में परिवहन ठप होने के चलते केंद्रों में धान जाम हो गया है। हालत ये है कि उपार्जन केंद्रों में क्षमता के मुकाबले दो से तीन गुना तक धान का स्टॉक जमा हो गया है। ऐसी स्थिति में अब खरीदी पर संकट के बादल छा गए हैं। जबकि इन तीन जिलों में लगभग 55 हजार किसानों से 28 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। सबसे बुरा हाल राजनांदगांव जिले का है, जहां 15.67 लाख क्विंटल खरीदी के बाद भी महज 5500 क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। वहीं खैरागढ़ जिले में 8.50 लाख क्विंटल खरीदी के बाद महज 9670 क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। मोहला-मानपुर जिले में धान का परिवहन शून्य है।

# 268 दीपों की जगमग रोशनी के साथ हुआ गुरुपर्व का आगाज



हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

सतनामी समाज के आराध्य बाबा गुरु घासीदासजी की इस माह 18 दिसंबर को 268 वीं जयंती है। इसी कड़ी में रविवार को गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पदाधिकारियों ने गुढ़ियारी के मिनीमाता चौक, मंगल बाजार, आंबेडकर चौक स्थित पवित्र जैतखाम में 268 दीप जलाकर गुरुपर्व का आगाज किया। अकादमी के प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि दिसंबर माह के लगते ही गुरुपर्व प्रारंभ हो जाता है, जो लगातार 31 दिसंबर तक चलता है। आज जय-जय सतनाम के जयघोष के बीच मुख्य अतिथि छग राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खंडे ने मंगल आरती के साथ जैतखाम की विशेष पूजा-अर्चना कर प्रथम दीप जलाते हुए प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि गुरु घासीदास शोधपीठ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जेआर सोनी, रायपुर नगर निगम अनुसूचित जाति, जनजाति विभाग के अध्यक्ष सुंदर लाल जोगी तथा अकादमी के प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल सहित वहां उपस्थित महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं ने सामूहिक रुप से अपने-अपने हाथों से एक-एक दीप जलाकर पूरे जैतखाम परिसर को रोशनी से जगमग कर दिया। इस दौरान समाजजनों को अपने-अपने क्षेत्र के सभी पवित्र जैतखाम, घरों के मुख्य द्वार व आंगन में नियमित दीप जलाकर गुरु वंदना, मंगल आरती का आव्हान किया।

- **सभी पवित्र जैतखाम व घरों के मुख्य द्वार पर दीप जलाकर गुरु वंदना करने का आव्हान**

*ये रहे उपस्थित* : इस अवसर पर पं. अंजोर दास बंजारे, ईश्वर जोगी, दीपक महेश्वर, ओमप्रकाश रात्रे, राधे घृतलहरे, ईश्वर जांगड़े, बलराम गायकवाड़, राजेश बघेल, लखनु मारकंडे, मोहिनी पाटले, तीजन मारकंडे, बिरीज लहरे, देवला लहरे, सूरुज महेश्वरी, शीला बंजारे, संतोषी टंडन, रिया चेलक, मोनिका टंडन, मधु जांगड़े, संगीता गिलहरे, सुरूज गेन्ड्रे, संतोषी डहरिया आदि उपस्थित थे।

# अप-डाउन सारनाथ के पहिए आज से 76 दिन तक थमे रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

एक ओर बिलासपुर से कटनी के बीच रद्द करने वाली गाड़ियों की शुरुआत 1 दिसम्बर से कर दी गई है। वहीं रेल प्रशासन ने ठंड और कोहरे को देखते हुए दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन के पहिए को तीन माह के लिए रोकने का आदेश जारी कर दिया है। रेलवे के आदेशानुसार सारनाथ एक्सप्रेस 2 दिसम्बर से 27 फरवरी तक अलग-अलग तिथियों में यानि 76 दिन तक रद्द की जाएगी, जिसके कारण छपरा से दुर्ग और दुर्ग से छपरा के बीच आने जाने वाले 5 लाख 76 हजार यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

- **दुर्ग से छपरा तक 5 लाख 76 हजार यात्रियों का सफर होगा प्रभावित**

दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है, जो चार स्टेट छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के साथ बिहार तक यात्रियों को सफर कराती है। प्रदेश के दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, उसलापुर के अलावा कोरबा, रायगढ़, मुंगेली सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में लोग बिहार और उत्तरप्रदेश की ओर सारनाथ एक्सप्रेस में सफर करते हैं। इसमें ज्यादातर संख्या अस्थि विसर्जन करने वाले लोगों की होती है, जो इलाहाबाद तक सफर करते हैं। यही ट्रेन पितृ पक्ष के समय इलाहाबाद के साथ बनारस और गया तक भी जाती है।




### प्रतिदिन सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 72 सौ

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में सारनाथ एक ऐसी ट्रेन है, जिसमें सतना, मैहर के साथ इलाहाबाद, बनारस और गया की ओर यात्री सफर करते हैं। इस ट्रेन में दुर्ग के अलावा रायपुर, भाटापारा, उसलापुर सहित बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, कोरबा व अन्य ऐसे जिले जहां ट्रेन का स्टापेज नहीं है। उन जिले से भी यात्री सफर करने के लिए पहुंचते हैं, क्योंकि इलाहाबाद से पहले नैनी के लिए सारनाथ एकमात्र ट्रेन की सुविधा उन्हें मिल जाती है। इसके अनुसार जनरल कोच, स्लीपर कोच और एसी कोच में करीब 72 सौ यात्री सफर करते हैं। इसी तरह छपरा से दुर्ग तक आने वाली सारनाथ की भी स्थिति है। इसकी वजह से ट्रेन में साल भर वेटिंग की स्थिति बनी रहती है।

### छपरा-दुर्ग सारनाथ रद्द 26 तक आज से

15159 छपरा से दुर्ग के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 2 दिसम्बर से 26 फरवरी तक अलग-अलग दिनों में रोका जाएगा। इसमें 2, 4, 7, 9, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28 एवं 30 दिसम्बर को, जनवरी माह में 1, 4, 6, 8, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27, 29 को, फरवरी माह में 1, 3, 5, 8, 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24 एवं 26 फरवरी को ट्रेन रद्द की जाएगी।

### दुर्ग-छपरा सारनाथ 27 तक रद्द कल से

छपरा से दुर्ग की तरह 15160 दुर्ग से उसलापुर होकर छपरा जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 3 दिसम्बर से 27 फरवरी तक रद्द किया गया है। इसमें 3, 5, 8, 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24, 26, 29 एवं 31 दिसम्बर को, जनवरी माह में 2, 5, 7, 9, 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26, 28 एवं 30 को, फरवरी माह में 2, 4, 6, 9, 11, 13, 16, 18, 20, 23, 25 एवं 27 तारीख शामिल है।

# बघेल बोले- बारिश से धान को बचाने करें पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने तमिलनाडु में आए चक्रवाती तूफान फेंगल के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में बारिश की संभावना को देखते हुए धान को बारिश से बचाने सावधानी बरतने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने खाद्य विभाग के सचिव और मार्कफेड के प्रबंध संचालक के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टरों से समन्वय कर धान को बारिश से बचाने पुख्ता इंतजाम करने को कहा है। उन्होंने धान के स्टेक ढंकने तिरपाल आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री श्री बघेल ने बताया कि दूसरे राज्यों से धान की अवैध आवक/परिवहन की रोकथाम के लिए बॉर्डर इलाकों में विशेष निगरानी रखने के लिए चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। धान खरीदी व्यवस्था पर निगरानी के लिए अलग-अलग जिलों के लिए राज्य स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों की टीम बनाई गई है, जो लगातार इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

- **मंत्री ने खाद्य सचिव और मार्कफेड के एमडी को दिए निर्देश**

# कांग्रेस की सरकार में महापौर क्यों नहीं लाए फंड

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर



नगर निगम महापौर एजाज ढेबर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रहते महापौर एजाज ढेबर रायपुर के 70 वार्डों के विकास के लिए कभी अधोसंरचना मद से राशि नहीं ला पाए। तुंहर द्वार तुंहर सरकार शिविर 2021-22 में 70 वार्डों में लगाया गया। लगभग 37 हजार आवेदन इस शिविर में आए, जिनमें 7 हजार से अधिक आवेदन सड़क, बिजली, पानी, विद्युत पोल, नाली निर्माण से संबंधित थे, जिसके निराकरण के लिए 24 करोड़ रुपए की राशि राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग से मांगी थी, वह राशि महापौर और कांग्रेस के 3 विधायक अपने ही कांग्रेसी मुख्यमंत्री से नहीं ला पाए तो महापौर ढेबर जी, आपको 4 साल का समय मिला था, जब आपके शहर में 3 विधायक और मुख्यमंत्री भी कांग्रेसी ही थे तो आप करा लेते। 24 करोड़ रुपए लाकर 7000 आवेदनों का निराकरण करा लेते।

पार्षद मृत्युंजय दुबे ने कहा कि कांग्रेस के 4 सालों में नगर निगम के महापौर ढेबर भारत सरकार के 14 वें वित्त आयोग ,15 वें वित्त आयोग और स्मार्ट सिटी की राशि से चौक-चौराहे और चौपाटी निर्माण जैसे अनावश्यक विकास कार्यों में व्यस्त रहे।

## पॉवर कंपनी 14 हजार मेगावाट की नई योजनाओं पर कर रही काम

# कोरबा में 660 मेगावाट के दो नए संयंत्र नए साल में लेने लगेंगे आकार

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बिजली का उत्पादन बढ़ाने लगातार योजनाएं बना रही है। कोरबा में 660 मेगावाट के दो नए संयंत्र लगाने की मंजूरी राज्य सरकार पहले ही दे चुकी है। इसे लेकर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। इसका टेंडर भी हो गया है। इसकी स्क्रूटनी का काम चल रहा है। पर्यावरण की भी एनओसी जल्द मिलने वाला है। नए साल में टेंडर को फाइनल कर इस पर काम प्रारंभ किया जाएगा। पॉवर कंपनी नई योजनाओं के माध्यम से करीब 14 हजार मेगावाट उत्पादन बढ़ाने की तैयारी में है। राज्य सरकार इस समय बिजली उत्पादन की क्षमता को विशाल बनाने की दिशा में काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगेंगे। इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं। अब उसी स्थान पर नए संयंत्र लगाने की तैयारी है। इसे लेकर उत्पादन कंपनी तैयारी अंतिम चरण में हैं।

### अब नए संयंत्र की तैयारी

जिस तरह से तेजी से प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, उससे आने वाले समय में बिजली की बहुत ज्यादा जरूरत होगी। आज उपभोक्ताओं की संख्या करीब 65 लाख हो गई है। पहले बिजली की खपत रोज तीन हजार मेगावाट से भी कम रहती थी, आज खपत छह हजार से ज्यादा हो रही है। प्रदेश सरकार ने करीब दो दशक की खपत को देखते हुए ही योजना बनाकर कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगाने की मंजूरी दी है। इसी के साथ अब पॉवर कंपनी मड़वा में भी एक 660 मेगावाट का संयंत्र लगाने के लिए डीपीआर बनाने की तैयारी में है। इसके बाद प्रदेश सरकार से मंजूरी लेकर इस पर काम किया जाएगा।



**अभी 2980 मेगावाट उत्पादन क्षमता :** अलग राज्य बनने के बाद 2000 में राज्य में बिजली के मामले में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। उत्पादन के मामले में यहां पर महज 1360 मेगावाट का ही उत्पादन होता था, लेकिन आज की स्थिति में यह उत्पादन 2980 मेगावाट हो गया है। मड़वा में जो 500 मेगावाट की दो यूनिट लगी है, उस यूनिट में जब करीब आठ साल पहले उत्पादन प्रारंभ हुआ था, तभी से उसकी बिजली तेलंगाना को देने का अनुबंध हो गया था। ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि उत्पादन के मामले में राज्य सरप्लस हो गया था। आज की स्थिति में जहां अपना उत्पादन 2980 मेगावाट है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से करीब साढ़े तीन हजार मेगावाट का शेयर मिलता है।

### पानी से पैदा होगी 7700 मेगावाट बिजली

पानी से बिजली बनाने के लिए पांच स्थानों का चयन किया गया है। इनमें हसदेव-बांगो कोरबा और सिकासेर बांध गरियाबंद में 12-12 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। जशपुर के डांगरी में 14 सौ मेगावाट और रौनी में 21 सौ मेगावाट का प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए तैयारी हो गई है। पहले चरण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृहजिले जशपुर में 35 सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन पानी से किया जाएगा। क्षमता इसी के साथ बलरामपुर के कोटपल्ली में 18 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। इन स्थानों पर पंप हाइड्रो योजना के तहत 7700 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

### धान के उठाव और कस्टम मिलिंग पर सहमत हुए मिलर्स

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में धान उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव न होने के कारण वहां जाम की स्थिति और किसानों को धान बेचने में हो रही दिक्कत का समाधान हो गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर इस समस्या के समाधान के लिए लघु उद्योग भारती एवं भारतीय किसान संघ के साथ राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच हुई बातचीत से राइस मिलर्स ने धान खरीदी केंद्रों से धान का नियमित उठाव करने और कस्टम मिलिंग जारी रखने का निर्णय लिया है। शासन द्वारा मिलर्स की बीते वर्षों के बकाया राशि का जल्द ही भुगतान करने का आश्वासन मिलने के साथ ही उनके अन्य मांगो का हल निकाला गया।

### सीएम के निर्देश- बारिश से बचाएं धान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तमिलनाडु में आए चक्रवाती तूफान फेंगल के मद्देनजर छत्तीसगढ़ राज्य में बारिश की संभावना को देखते हुए धान को बारिश से बचाने के लिए एहतियाती कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

# पांच नंबर में एडमिशन फिर भी नहीं मिले छात्र, बीएससी नर्सिंग की ढाई हजार से ज्यादा सीटें लैप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सौ में महज पांच नंबर पाने वालों को भी एडमिशन देने की सुविधा के मिलने के बाद भी बीएससी नर्सिंग की ढाई हजार से ज्यादा सीटें खाली रह गईं। आईएनसी द्वारा तय तारीख समाप्त होने के बाद ये सीटें लैप्स हो गईं। कुछ ऐसा ही हाल एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग विषय का भी रहा, जहां क्रमशः ढाई सौ और अस्सी सीटें खाली रह गईं।

नर्सिंग की पढ़ाई की इच्छा रखने वालों की संख्या सीमित है, मगर प्रदेश में कॉलेजों की संख्या बेहद अधिक हो चुकी है। इसकी वजह से हर साल सीटों के खाली रह जाती है। राज्य में आठ शासकीय सहित करीब 122 कॉलेजों में बीएससी नर्सिंग के पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है। इस बार भी प्रवेश नियम में संशोधन किए जाने के बाद भी पूरा एडमिशन नहीं हो पाया। पांच नंबर पाने वाले को भी पात्र किए जाने के बाद नया आवेदन बुलाया गया था, इस दौरान नर्सिंग कॉलेजों में 4775 सीटें खाली थीं। निजी कॉलेज प्रबंधन को उम्मीद थी कि इनमें से 80 प्रतिशत सीटों पर एडमिशन हो जाएगा, मगर अनुमान वास्तविकता के विपरीत हो गया। आवेदन करने वालों की संख्या 2215 पर सिमटकर रह गई। इसमें से 98 प्रतिशत लोगों ने प्रवेश लिया, लेकिन सीटों का फुल होना संभव नहीं था।

इस बार नर्सिंग कॉलेजों में पढ़ाई करीब ढाई हजार कम विद्यार्थियों के साथ पूरी की जाएगी। इसी तरह एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग विषयों का हाल भी कुछ अच्छा नहीं है। नए आवेदन के पहले एमएससी की 306 तथा पोस्ट बेसिक की 134 सीटें खाली थीं। अंतिम दिन बीतने के बाद एमएससी की 252 और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की 79 सीटें खाली रह गईं।

हरिभूमि फॉलोअप

## संशोधन के बाद मंगाए थे नए आवेदन, 98 फीसदी ने लिया प्रवेश

### खामियां ही खामियां

प्रदेश में मौजूद नर्सिंग कॉलेजों की संख्या काफी अधिक है। इनमें सुविधाओं का अभाव होने की बातें भी सामने आती हैं। कॉलेजों की क्वालिटी और मौजूदा सुविधाओं का हर साल गठित समिति निरीक्षण करती है। शुरुआती दौर में कमियों की बात सामने आती है, फिर समझाइश और चेतावनी जैसी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें प्रवेश की अनुमति दे दी जाती है।


नर्सिंग कालेजों में बीएससी की 4700 सीटें खाली, एडमिशन के लिए हरी झंडी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक से बेहद कम एडमिशन के बाद नर्सिंग कालेजों में खाली बची 47 सौ सीटों पर एडमिशन के लिए परसेंटाइल की बाध्यता समाप्त करने अनुमति का इंतजार है।

इसके लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा भारतीय नर्सिंग काउंसिल को चिट्ठी भेजी जा चुकी है। आईएनसी अगर दिए गए तर्कों को नकार देती है, तो कई निजी कालेजों में ताले लगने की नौबत आ जाएगी। भारतीय नर्सिंग काउंसिल द्वारा अपने नियम के अनुसार प्रवेश परीक्षा में 50 प्रतिशत न्यूनतम अंक प्राप्त करने वालों को बीएससी नर्सिंग में एडमिशन का पात्र किया गया था। इस आधार पर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय स्ट्रे वैकेंसी राउंड के

चिकित्सा शिक्षा संचालनालय जीरो परसेंटाइल करने भेज चुका चिट्ठी

इस सप्ताह अनुमति के आसार

चिकित्सा शिक्षा संचालक द्वारा अपने पत्र में खाली सीटों पर एडमिशन के लिए जिस तरह का हवाला दिया गया था, उससे आईएनसी द्वारा प्रवेश के लिए न्यूनतम अंक की बाध्यता समाप्त करने की अनुमति जारी करने की संभावना है। आईएनसी पिछले तीन-चार वर्षों से न्यूनतम अंक के नियम शिथिल करती है। माना जा रहा है कि इस सप्ताह जीरो परसेंटाइल से प्रवेश की अनुमति मिल सकती है। नर्सिंग पाठ्यक्रम में एडमिशन की अंतिम तारीख 30 नवंबर निर्धारित है।

बाकी विषय में भी कम एडमिशन

बीएससी नर्सिंग के अलावा, एमएससी तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में भी पचास फीसदी सीटों पर ही एडमिशन हुआ है। इन विषयों में भी प्रवेश के लिए बनाए गए नियम में संशोधन की मांग उठ रही है। इसके लिए निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन द्वारा चिकित्सा छत्तीसगढ़ शासन को पत्र प्रेषित किया गया था। इस आधार पर विभागीय स्तर पर अभिमत मांगा गया है।

साथ नया पंजीयन के आधार पर एडमिशन की प्रक्रिया पूरी कर चुका है। करीब ढाई हजार सीटों पर ही एडमिशन हो पाया है और करीब 4700 सीटें बाकी हैं। इतनी बड़ी संख्या में सीट रिक्त होने की वजह से निजी कालेज प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है और आईएनसी के नियम में संशोधन कराने वे जोड़ तोड़ में लगे हुए हैं।

उनके निवेदन पर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय न्यूनतम अंक की बाध्यता समाप्त करने पत्र भेजकर नर्सिंग काउंसिल की सहमति का इंतजार कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि अगर नर्सिंग काउंसिल अपने नियम में संशोधन के लिए तैयार नहीं होती है, तो कई निजी कालेज बंद होने की स्थिति में आ सकते हैं। राज्य में शासकीय कालेजों के साथ राज्य में सौ की संख्या में निजी कालेज हैं जो बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम का संचालन करते हैं।

- नर्सिंग की पढ़ाई की इच्छा रखने वालों की संख्या सीमित है, मगर प्रदेश में कॉलेजों की संख्या बेहद अधिक हो चुकी है

## खबर संक्षेप

### सीसी रोड कार्य का किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल व मुख्य नगरपालिका अधिकारी खीरसागर नायक व समस्त जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयास से नगर में अनेकों विकास के कार्य कराए जा रहे हैं और नगर हित में बहुत सारे विकास कार्य प्रारंभ होने वाले हैं। इसी कड़ी में पार्षद धर्मेंद्र यादव ने नगर के अंतिम छोर वार्ड नं 15 व वार्ड नं 14 में निर्माण हो रहे सीसी रोड कार्य का निरीक्षण किया गया। यह निर्माण कार्य वार्ड नं 15 में बाबूलाल ध्रुव से नंदू ध्रुव तथा रामचंद ध्रुव से मंगतू साहू के घर तक किया जा रहा है। साथ ही वार्ड नं 14 गाया दूध कंपनी में नगर के युवाओं के लिए बन रहे खेल मैदान पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महामंत्री द्रोणाचार्य साहू उपस्थित रहे।

### कोसरिया पटेल समाज की कार्यकारिणी की बैठक हुई

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज नर्राराज की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान कार्यालय सामाजिक भवन ग्राम परकोम में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजन व आरती कर की गई इसके पश्चात समाज पदाधिकारियों का रोली गुलाल से स्वागत वंदन हुआ इसके बाद सभा को संचालित करने हेतु सभापति के रूप में नेतराम पटेल को मनोनीत किया। फिर सभापति के आदेशानुसार ग्राम नर्रा, परकोम एवं बनियातोरा गांव से आए चार आवेदन पत्रों को सचिव ने समाज के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। समाज पदाधिकारियों ने प्रकरण पर चर्चा कर प्रकरण का सुनवाई की गई जिसमें चार में से दो आवेदनों को मौके पर ही सुलझाया गया और दो आवेदनों का विषय गंभीर होने के स्थिति में इसे यथावत रखा गया है।

## भूपेंद्र सवन्नी नगरीय निकाय और सौरभ सिंह पंचायत चुनाव के बनाए गए प्रदेश प्रभारी

# राष्ट्रीय नेताओं के सामने डिप्टी सीएम शर्मा का बड़ा ऐलान- निकाय-पंचायत चुनाव होंगे साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में इस बार नगरीय निकाय के साथ ही पंचायत चुनाव भी कराने पर भाजपा के सारे नेता एकमत हैं। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रायपुर और दुर्ग संभाग के साथ बैठक के बाद अब यह तय हो गया है कि प्रदेश सरकार दोनों चुनाव एक साथ कराएगी। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बैठक में बड़ा ऐलान करते हुए कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर हम राज्य में दोनों चुनाव एक साथ कराएंगे। भाजपा ने जहां नगरीय निकाय चुनाव का भूपेंद्र सवन्नी को प्रदेश प्रभारी बनाया है, वहीं पंचायत चुनाव के प्रदेश प्रभारी का जिम्मा सौरभ सिंह को दिया गया है।

बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश ने कहा, पंचायत और नगरीय निकाय के चुनाव में भाजपा या हमारी विचारधारा के समर्थक साथी आएंगे तो जनता के पैसे बर्बाद नहीं होने देंगे। शिवप्रकाश ने कहा, आगामी दोनों चुनावों में हम पूरे आत्मविश्वास के साथ जनता के बीच अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता-जनार्दन तक पहुंचें और पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम लहराने के इस अवसर को अपना लक्ष्य बनाएं। शिवप्रकाश ने बाद में संभाग प्रभारियों और प्रदेश महामंत्रियों की बैठक लेकर दलीय गतिविधियों की समीक्षा की और आगामी नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत मार्गदर्शन किया।




### ये रहे उपस्थित

बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल, पूर्व विस अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, संपत अग्रवाल, गजेंद्र यादव, अनुज शर्मा, ललित चंद्राकर, सुशांत शुक्ला, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, महामंत्री संजय श्रीवास्तव व जगदीश (रामू) रोहरा, रामजी भारती, भरत वर्मा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश गुप्ता, अंजय शुक्ला सहित प्रदेश कोर ग्रुप, भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य उपस्थित रहे।



### एक साथ होंगे चुनाव: विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो विजन है, वन नेशन वन इलेक्शन, उसे ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ होंगे। यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। जिलों में चुनाव एक फेस में हो, नतीजे एक साथ आएं, इसका प्रयास होगा। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सुशासन को लेकर बड़े-बड़े निर्णय हुए। उसको लेकर कार्ययोजना बनाई गई है। इन फैसलों को पंचायत स्तर तक लेकर जाएंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, शहर से लेकर गांव तक केवल विकास के काम हो रहे हैं। नगरीय निकायों, नगर पालिका, नगर पंचायत, सभी के कार्यों की गति बढ़ा दी गई है। नगरीय निकायों में अधिकतर जगह कांग्रेस के लोग रहे हैं। उनकी असफलता से लोग परेशान रहे हैं। उनकी असफलता को जन-जन तक ले जाएंगे। सारे चुनावों में हम प्रचंड जीत हासिल करेंगे।

### जनता के सामने रखेंगे रिपोर्ट कार्ड: साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, हमारी सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने जा रहा है। हम सब फिर से जनता जनार्दन को धन्यवाद देंगे कि उन्होंने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया। हम जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड भी रखेंगे कि कैसे हमने केवल एक वर्ष में ही कई कार्यों को सफलता से जनता के सहयोग से किया है। नक्सलवाद पर मिली सफलता की चर्चा पूरे देश में है। हम छत्तीसगढ़ को जल्दी इससे मुक्त कराने जा रहे हैं। श्री साय ने कहा, नगरीय निकायों को 2 हजार करोड़ की बड़ी राशि दी गई है। पंचायतों में भी विकास का काम चल रहा है। नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव कार्यकर्ताओं को स्थापित करने का चुनाव है। हम पूरी ताकत से और गंभीरता से इस पर कार्य करेंगे।

### कार्यकर्ताओं को नेतृत्व देने वाले चुनाव हैं : नवीन

भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा, ये चुनाव कार्यकर्ताओं को नेतृत्व देने वाले चुनाव हैं, लीडरशिप बनाने का चुनाव है। हम सब यह तय करें कि हमारी इन चुनावों में भूमिका क्या होगी। हिमाचल हो या कर्नाटक, कांग्रेस की सरकारों का हाल देखें जो अपने किए वादे पूरे नहीं कर पाई है, लेकिन छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने जो काम किया है, वह ऐतिहासिक है। किरण देव ने कहा, जनता भी अब चाहती है कि पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा के प्रतिनिधि नेतृत्व करें। नगरीय निकाय चुनाव में प्रभारी के दायित्व को देख रहे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि हमारे पास एक मजबूत आधार है। हमने बार-बार खुद को साबित किया, अपने कार्यों को जनता तक ले जाकर आशीर्वाद मांगेंगे। पंचायत चुनाव के प्रभारी पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कहा, यह चुनाव हम पूरी एकजुटता से लड़ेंगे।

### भाजपा मनाएगी विजय पर्व

13 दिसंबर को प्रदेश की साय सरकार का एक साल पूरा होगा। इस अवसर पर भाजपा ने 13 से 25 दिसंबर तक प्रदेश में विजय पर्व मनाने का फैसला किया है। इसको लेकर योजना बनाई जा रही है कि इस दौरान क्या-क्या करना है।

# साइंस कॉलेज चौपाटी के 64 स्टॉल आमानाका ओवरब्रिज वेंडिंग जोन में करेंगे शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- जोन-7 ने 5 दुकानों का किया विस्थापन, बाकी की शिफ्टिंग जल्द
- स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 5 करोड़ खर्च कर सालभर पहले बनवाई स्मार्ट चौपाटी

राजधानी के जीई रोड स्थित साइंस कॉलेज मैदान में बनाई गई चौपाटी के स्टॉल अब आमानाका ब्रिज के नीचे बन रहे वेंडिंग जोन में शिफ्ट किए जाएंगे। नगर निगम जोन 7 की टीम ने शनिवार को 5 बंद पड़े स्मार्ट कियोस्क को क्रेन की मदद से ओवरब्रिज के नीचे शिफ्ट कराया। बाकी के स्टॉल को जल्द विस्थापन कर नए वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराया जाएगा। स्मार्ट चौपाटी में खानपान के 64 स्टॉल संचालित हैं। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा साइंस कॉलेज खेल मैदान के सामने 5 करोड़ खर्च कर बनवाई गई चौपाटी सालभर भी संचालित नहीं हो पाई। चर्चित चौपाटी के खानपान के स्टॉल हटाने का काम नगर निगम जोन-7 ने शुरू कर दिया है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहना है, 10 दिन के अंदर बाकी स्टॉल भी नए वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराए जाएंगे। अधिकारियों का यह दावा है कि खाली कराई जाने वाली जगह पर युवाओं के लिए यूथ हब जैसी सुविधा विकसित कराई जाएगी। इधर चौपाटी में किराए पर लेकर खानपान का स्टॉल चलाने वाले वेंडरों में निगम के रवैये को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

### 25 से 30 हजार हर माह देने वालों को झटका

राजधानी के प्राइम लोकेशन पर स्थित साइंस कॉलेज चौपाटी में जिन लोगों के एक-एक स्टॉल का 25 से 30 हजार रुपए प्रति महीने किराया देकर कारोबार शुरू किया, उन्हें इससे बड़ा झटका लगा है। सूत्रों के मुताबिक, चौपाटी से बेदखल छोटे कारोबारियों में निगम के रवैये को लेकर आक्रोश व्याप्त है। भुक्तभोगियों का कहना है, शुरू में 2- 3 माह तक किराया तक नहीं निकाल पाए थे, जब लोगों का चौपाटी में आना-जाना बढ़ने लगा तो हमें चौपाटी से बेदखल किया जा रहा है, यह गलत है। कुछ लोगों का ये भी कहना है, मुख्य मार्ग में व्यवसाय की संभावना को देखते हुए उन्होंने छोटे पैमाने पर कारोबार शुरू किया था, अब जिस जगह पर उनके खानपान के स्टाल को शिफ्ट किया जा रहा है, वहां तो दुकान का किराया निकलना मुश्किल हो जाएगा।

### 10 दिनों में होगी शिफ्टिंग

साइंस कॉलेज के सामने स्थित चौपाटी को आमानाका ओवरब्रिज के नीचे वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जा रहा है। दस दिनों तक यह शिफ्टिंग चलेगी। खाली कराई जा रही जगह पर युवाओं के लिए नई सुविधा विकसित करेंगे।
**- पीके पंचायती,** अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

### विवादों में रही साइंस कॉलेज की स्मार्ट चौपाटी

विदित हो, 2022-23 में एजुकेशन हब वाले एरिया में रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 5 करोड़ की लागत से बनवाई खासी चौपाटी का खास विरोध भी हुआ। भाजपा नेताओं ने इसका विरोध करते हुए प्रदर्शन भी किया। खासकर के पूर्व मंत्री व क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने एजुकेशन हब चौपाटी बनाने का विरोध करते हुए जीई मुख्य मार्ग के सड़क किनारे पंडाल लगाकर भाजपा पार्षदों के साथ धरना भी दिया। यहीं नही एजुकेशन हब में चौपाटी बनाने को लेकर दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री से शिकायत की गई। इसके बाद भी चौपाटी निर्माण बंद नहीं हुआ।

# रिंगरोड-हाईवे पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



एसएसपी के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने हाईवे तथा रिंगरोड पर एक्सीडेंट रोकने सर्विस रोड पर खड़ी गाड़ियों के मालिकों के खिलाफ नो पार्किंग की कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस ने चार सौ से ज्यादा वाहन चालकों तथा मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस ने रिंगरोड-1 तथा 2 के साथ ही हाईवे से सटे सर्विस रोड पर वाहन पार्क करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, रिंगरोड में नो पार्किंग एरिया में खड़े 70 वाहन मालिकों तथा चालकों से जुर्माना वसूला गया है। इसमें ट्रक से लेकर ऑटो, बस तथा अन्य मालवाहक वाहन शामिल हैं। इसी तरह ट्रैफिक पुलिस ने निगम कर्मियों के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पंडरी तथा शंकरनगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, रोड पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों की वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस कारण अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# चार संभागों को मिले 83 चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की पहल पर संविदा नियुक्ति आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा संभाग के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में 83 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर रायपुर को 31, दुर्ग को 27, बिलासपुर को 22 तथा सरगुजा को 3 डॉक्टर मिले हैं। एमबीबीएस और एमडी-एमएस की पढ़ाई पूरी कर चुके चिकित्सकों को संविदा आधार पर विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्ति दी जा रही है। इससे लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए बड़े अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी दौर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें रायपुर संभाग में चिकित्सा अधिकारी के रूप में डॉ. शुभम विश्वकर्मा, डॉ. प्रिदम्बिनी नायक, डॉ. तोयेष चंद्राकर, डॉ. स्मृति




इंगोले, डॉ. साहिल कुमार, डॉ. मिलनदीप कौर, डॉ. देवांग शाह, डॉ. नीलम जायसवाल, डॉ. चंद्रशेखर जायसवाल, डॉ. वाय. मुनमुन, डॉ. यशवंत सोनी, डॉ. दीक्षा थवाईत, डॉ. ऋतम्भरा शर्मा, डॉ. वैशाली चौरसिया, डॉ. यूसुफ उस्मानी, डॉ. एम. शिवानी राव, डॉ. निशा पैकरा, डॉ. शिखा शुक्ला, डॉ. सोनाली अवधिया, डॉ. सुब्रनिल घोष, डॉ. सचिन अग्रवाल, डॉ. अम्मूनाथ अनमोल पांडेय, डॉ. प्रशांत कुमार पांडेय, डॉ. अदिबा खान, डॉ. श्रेया मुखर्जी, डॉ. एशिनी अग्रवाल, डॉ. प्रीति खलखो, डॉ. विकास सिंह, डॉ. विपिन कुमार सिंह, डॉ. संग्राम येरेवार, डॉ. मयंक शर्मा व बिलासपुर संभाग हेतु डॉ. सावी शुक्ला, डॉ. सोनाली प्रकाश, डॉ. धनंजय कुमार निर्मलकर, डॉ. विवेक पटेल, डॉ. कृष्ण कुमार कुम्भकार, डॉ. अदिति सिंह, डॉ. नीलमणि सिंह, डॉ. जॉन कुजूर, डॉ. पूजा सिंह, डॉ. निशि निर्मलकर, डॉ. प्रफुल्लता कंवर, डॉ. अमीशा टेकाम, डॉ. पूर्णिमा कंवर, डॉ. दिव्या अंकित रोहलेदार, डॉ. अनुभूति नंद, डॉ. अदिति मारिया लाकरा, डॉ. रितीशा वेरोनिका थॉमस, डॉ. प्रियंका सिंह पैकरा, डॉ. संदीप पटेल, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, डॉ. स्मृति रानी लकड़ा, डॉ. त्रिलोक जागीतानाथ हिमधर व दुर्ग संभाग हेतु डॉ. कृति ठाकुर, डॉ. दामिनी नाग, डॉ. शशांक बारले, डॉ. प्रिया चंदानन, डॉ. श्रीयम शुक्ला, डॉ. सुदीप्ता को विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है।

## पेज 7 के शेष

### पांच सूत्रीय मांगों ...

मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें सभापति संजय कोसले, पार्षद अशोक देवांगन, अविनाश दास, अब्दुल खान, मोहम्मद गुलाम नबी, एवन लाल धृतलहरे, शत्रुहन मार्कंडेय, उदे राम गेंड्रे, भुखन लाल, श्रीचंद आदि उपस्थित थे।

### जनपद पंचायत अध्यक्ष ...

वहीं शिकायत पत्र में शिकायतकर्ता ने कहीं भी राशि का उल्लेख नहीं किया है।

शिकायतकर्ता सरपंच सपना मांझी ने जिला पंचायत में 29 नवम्बर को जिला पंचायत सीईओ को शिकायत करते हुए कहा कि मौजूदा जनपद अध्यक्ष सिंद्धात मिश्रा द्वारा कहा गया है कि 15वें वित्त की राशि जनपद स्तर का कार्य दूगां कहकर शिकायतकर्ता से फोन कर ली गई, लेकिन मुझे कोई भी कार्य नहीं दिया गया। जब मै वापस पैसे मांगी तो जनपद अध्यक्ष सिध्दांत मिश्रा द्वारा मेरे ऊपर उल्टी जांच कमेटी बैठा दी और पैसा लौटा देने से साफ इंकार दिया। सरपंच सपना मांझी ने जिला पंचायत सीईओ से निवेदन किया है कि 15वें वित के कार्यों की जांच कराए। **जिला सीईओ ने बनायी जांच टीम:** शिकायत के बाद जिला पंचायत सीईओ ने तीन जांच अधिकारी नियुक्त किए हैं जो जांच कर जांच प्रतिवेदन जिला पंचायत सीईओ को सौंपेंगे। जांच कमेटी में गणेशु प्रसाद घिदौड़े लेखाधिकारी, कामता प्रसाद ध्रुव जिला अंकेक्षक, उप संचालक पंचायत कमल किशोर उक्त तथ्यों की जांच कर, तथ्यात्मक प्रतिवेदन एक सप्ताह के भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

### वीरभूमि सोनाखान में...

हेतु सीएसपीडीसीएल, साउंड सिस्टम हेतु ई एंड एम, मेडिकल टीम मय एम्बुलेंस हेतु स्वास्थ्य विभाग, स्मारक स्थल एवं मेला स्थल में रंग रोगन, मेला में बाहर से आने वाले सामजिकजनों के लिए विश्राम की व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड हेतु आदिवासी विकास विभाग, फूल माला एवं गुलदस्ता हेतु उद्यानिकी, कार्यक्रम की तैयारी की मॉनिटरिंग हेतु एसडीएम गिरोदपुरी को जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### देवरहा में हास्य ...

आशीष मिश्रा बिलासपुर, जयंती खमारी सक्ति, हितेंद्र पाण्डे, बसना, रंजीत देवांगन बिलाईगढ़, लोकनाथ तांडेय भंडोरा, विनोद डडसेना बिलाईगढ़ शामिल हैं।

### प्रभारी सचिव परदेशी...

कार्रवाई के बारे में जानकारी प्रदान की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, अरविंद गेडाम, टी जाटवर, सीएचएमओ डॉ. अवस्थी, डीईओ हिमांशु भारती, ममता शर्मा उपस्थित थे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पीएससी की तैयारी के लिए परीक्षार्थियों ने दिलाया टेस्ट

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा हेतु 12 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज पहले टेस्ट का आयोजन किया गया। डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 12 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज पहला टेस्ट पेपर भारतीय इतिहास एवं छत्तीसगढ़ का इतिहास हुआ। जिसमें कुल 200 नंबर का पेपर हुआ इसमें भारतीय इतिहास एवं छत्तीसगढ़ इतिहास आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। पहला टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 125 परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले 14 परीक्षार्थियों कुल 139 ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 12 टेस्ट के क्रम में दूसरा टेस्ट का आयोजन 8 दिसंबर को संविधान एवं पंचायती राज का टेस्ट आयोजित होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और पीएससी प्री परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी में आकर संपर्क कर सकते है।

### मौसम बदलने से धान खरीदी प्रभावित

**नर्रा।** चक्रवात फेंगल के प्रभाव से मौसम ने करवट ली वही जिले के बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा बार्डर से लगे अंचल में बादल छाए रहने से शनिवार को सुबह से रुक-रुक कर बारिश हुई। इसके कारण दूसरे दिन रविवार और सोमवार को भी आसमान पर बादल छाए रहे। इसका प्रभाव धान कटाई व मिंजाई के साथ ही बाड़ी में लगे सब्जियों पर असर पड़ा। बदले मौसम ने किसानों को भी परेशानी में डाल दी है। समिति के प्रभारियों से जानकारी लेने पर उन्होने बताया कि चक्रवात के कारण आसमान पर बादल छाए रहें, इसका असर धान खरीदी पर पड़ा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा कोमाखान व मुनगासेर के अतर्गत आने वाले 14 उपार्जन उप खरीदी केंद्रों में कछारडीह और साल्हेभांठा खरीदी केंद्र में धान का आवक लेने पर खरीदी की गई वही अधिकांश केंद्र में खरीदी प्रभावित रहा है। नर्रा, परसुली, कसेकेरा, कोमाखान, इत्यादि के कुछ गिने चुने एक-दो केंद्र में ही खरीदी हो पाई है।

## निधन

### अमरौतीन वर्मा



रावन। ग्राम रावन निवासी श्रीमती अमरौतीन वर्मा उम्र 82 वर्ष का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को मोक्षधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्र में परिजनों के अलावा ग्रामवासी शामिल हुए। वे निर्मला, बृजलाल, रुद्रदेव, शांति वर्मा की मां एवं त्रिलोचन प्रसाद वर्मा की सास थी।

**एड्स दिवस :** रेडक्रास के समन्वय से पोस्टर मैकिंग, रंगोली, स्लोगन, निबंध व राइटिंग सहित विविध प्रतियोगिता हुई

# एचआईवी को रोकने जागरूकता जरूरी, हुई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




विश्व एड्स दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब व स्काउट एवं रेडक्रास के समन्वय से पोस्टर मैकिंग, रंगोली, स्लोगन राइटिंग, निबंध सहित विविध प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिताओं में कुमारी दीपाली, शिवानी, खिलेश्वरी, चंचल, सुमन, प्रियंका, राधा, विद्या, पार्वती, प्रियंका, किशन, मिथलेश, यशवंत, हर्ष, नरेन्द्र, धनराज छात्र–छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जागरूकता कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षकों ने बताया कि इस दिन का उद्धेश्य दुनियाभर के लोगों को एचआईव्ही से प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता के साथ खड़े रहकर उक्त बीमारी के कारण जान गंवाने वालों को याद करने का एक वैश्विक अवसर है तथा इस लाइलाज बीमारी की जानकारी ही बचाव है।

कार्यक्रम के समापन सत्र में छात्र–छात्राओं द्वारा एड्स का प्रतीक चिन्ह बनाकर जागरूकता रैली भी निकाली गई। एड्स दिवस के कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य पार्वती वर्मा, शिक्षकगण दीपचंद बंजारे, अनिल बंजारे, रूपनारायण साहू, रमेश नेगी, भावेश सेन, नंदकुमार मल्होत्र, इंद्रकुमार कोसले, परस साहू, सनद खरे, धर्मेन्द्र खरे, भारती उके, प्रार्थना महोबिया सहित कार्यालयीन स्टाफ महेश साहू, सूर्योदय बांधे एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

## जागरूकता कार्यक्रम में एड्स के कारण, लक्षण और बचाव के गिनाए




**हिरमी-रावन।** अल्ट्राटेक सीएसआर और लॉजिस्टिक विभाग हिरमी ने विश्व एड्स दिवस पर ट्रकयार्ड के ट्रेनिंग सेंटर में एचआईवी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रक चालकों, परिचालकों और परिवहन विभाग के कर्मचारियों को एड्स के प्रति जागरूक करना और इससे बचाव के उपायों की जानकारी देना था। इस अवसर पर डॉ. रुचिका सुखवाल ने एड्स के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह बीमारी असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित खून के उपयोग और एक ही सिरिंज के कई व्यक्तियों पर उपयोग से फैल सकती है। इसके अलावा, उन्होंने संक्रमण से बचने के तरीके जैसे सुरक्षित यौन संबंध, साफ और नए सिरिंज का उपयोग, और रक्त चढ़ाने से पहले उसकी जांच करने पर जोर दिया। इस अवसर पर वैभव त्रिपाठी, आशुतोष खरे, प्रीतम पटेल, लॉजिस्टिक विभाग से सिद्धार्थ राय, अमिताभ सिंह, एनजन विश्वास, रितेश पांडे, अभिषेक बाजपेयी, कमलेश साहू और प्यारे लाल ध्रुव उपस्थित थे।

# सवालों के जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान असनींद में हुआ एड्स जन जागरूकता कार्यक्रम




विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में 2 दिसम्बर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र असनींद में एचआईवी एड्स जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एचआईवी एड्स के कारण, रोकथाम और बचाव के विषय में छात्र-छात्राओं सहित प्रशिक्षण अधिकारी को विभागीय सदस्यों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही यह भी बताया गया कि साल दर साल एचआईवी की दर बढ़ती ही जा रही है, जिसे जन जागरूकता से ही रोका जा सकता है। सिंगल विंडो सोशल सिक्योरिटी के तहत एचआईवी पीड़ितों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एचआईवी अधिनियम 2017 के अधिनियम के प्रावधानों और एचआईवी पीड़ितों के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के सवाल का जवाब देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आईसीटीसी परामर्शदाता धनेश्वर पटेल, राजेश कुमार देवांगन, रामगोपाल साहू, वीरेंद्र कुमार बंजारे, हीरा साहू और दिनेन्द्र कुमार सिन्हा सहित नरोत्तम कोसले, शिवकुमार कैवर्त्य, विमलेश कुमार बंजारे, चंद्र प्रकाश कौशिक, श्याम सुंदर साहू, युगेश कुमार कुर्रे एवं स्टाफ के सदस्य मौजूद थे।

### कार्यक्रम का उद्देश्य है जागरूकता को बढ़ावा देना

एचआईवी बारे में जागरूकता बढ़ाना इस कार्यक्रम को प्रमुख उद्देश्य है। साथ ही संक्रमण से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देना। एचआईवी पीड़ितों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताना।एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देना। समुदाय के सभी सदस्यों को एचआईवी के बारे में जागरूक करना। एचआईवी पीड़ितों को समाज में बिना किसी भेदभाव के जीने का मौका देना शामिल है।

## केशला में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम केसला में स्व. महेश राम देवांगन एवं स्व. केजिया बाई देवांगन की स्मृति में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है।

इसके पहले सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकली गई, जो पूरे गांव का भ्रमण कर वापस कथा स्थल में समाप्त हुई। 2 से 10 दिसबंर तक आयोजित कार्यक्रम में पं. रामकृष्ण दास शास्त्री संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा का रसपार करायेंगे। कथा के द्वितीय आज 3 दिसंबर को कपिल अवतार सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र, 4 दिसंबर को अजामिल कथा प्रहलाद चरित्र, 5 दिसंबर को भगवान श्रीराम राम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 6 दिसबंर को श्रीकृष्ण चरित्र एवं बाल लीला, 7 दिसबंर रविवार को रासलीला एवं रूखमणि मंगल, 9 दिसबंर को सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष के साथ कथा विश्राम होगी। 10 दिसबंर को तुलसी वर्षा सहस्त्रधारा एवं कपिला तर्पण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। भागवत कथा के दौरान कैलाश देवांगन, रामअवतार, मनोज, अशोक, लोमश, हेमंत, अंकित, अमूल, व्यास, हितेश दामोदर, गुरु नारायण, हर्षित, ऋषभ एवं समस्त देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

### प्रैक्टिकल परीक्षा व प्रोजेक्ट 10 जनवरी से

**महासमुंद।** सीजी बोर्ड के तहत दसवीं-बारहवीं के छात्रों के लिए प्रैक्टिकल एग्जाम और प्रोजेक्ट वर्क की परीक्षा 10 जनवरी से शुरू होगी। यह परीक्षा 31 जनवरी तक संबंधित स्कूलों में आयोजित की जाएगी। इसके अनुसार अनुपस्थित रहने वाले छात्रों के लिए दोबारा प्रैक्टिकल आयोजित नहीं होगा। दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षा अगले साल मार्च में होगी। इसके लिए समय-सारिणी जल्द जारी होगी।

# विकास कार्यों के निरीक्षण में पहुंचे नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नगर पालिका क्षेत्र में वृहद स्तर पर वार्डों में चल रहे विकास कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने अवलोकन किया। जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, मंत्री टंकराम वर्मा सहित नगर पालिका के पार्षदगणों द्वारा सहयोग पर हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विकास का कार्य जो आज नगर पालिका क्षेत्र में हो रहा है, इसमें सभी का महत्वपूर्ण योगदान है। शासन द्वारा मांग अनुरूप राशि उपलब्ध करायी जाती है, उस राशि को कार्य योजना के अनुरूप व्यय किया जाना भी अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। परिषद की बैठक में निर्माण कार्यों की स्वीकृति पर हमेशा पार्षदगणों का सहयोग मिलता है।

शासन की महत्वपूर्ण योजना में प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत लोगों को पक्का आवास देने के लिए सदैव प्रयास किया गया है। नगर पालिका अंतर्गत प्रतिष्ठा कॉलोनी से वर्धमान स्कूल तक कांक्रीट सड़क का निर्माण 36 लाख सहित नगर भवन का जीर्णोद्धार कार्य 90 लाख एवं नगर में बीटी रोड का निर्माण 1 करोड़, तहसील ऑफिस के सामने सौंदर्यीकरण कार्य 24.74 लाख, जेल कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण 17.71 लाख, निखिल किराना से संतोष देवांगन के घर तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य 15.71 लाख, मेन रोड से नीरज बाजपेयी के घर तक आरसीसी नाली निर्माण, पोस्ट ऑफिस के सामने सौंदर्यीकरण कार्य 14.23 लाख, गोपाल मंदिर से ललित किराना तक सीसी रोड निर्माण, गार्डन चौक से षष्ठी देवी मंदिर तक सौंदर्यीकरण कार्य 34.07 लाख, गार्डन चौक में ट्रैफिक शेड निर्माण 15 लाख, दिलीप सोनी के घर से यदु निवास तक आरसीसी नाली 9.46 लाख, षष्ठी देवी मंदिर से सीसी रोड निर्माण 13.08 लाख, बीजेपी कार्यालय के पीछे सीसी रोड निर्माण 5.01 लाख, वर्मा क्लीनिक से सीसी रोड निर्माण 10.35 लाख आदि निर्माण कार्य शामिल है। इसी तरह गार्डन चौक से मणिकंचन केन्द्र तक सीसी रोड चौड़ीकरण निर्माण कार्य 48.51 लाख, मणिकंचन केन्द्र से रिसदा रोड तक सीसी रोड चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य 49.83 लाख, 15वें वित्त आयोग मद से 45.90 लाख एवं अधोसंरचना मद अंतर्गत 613.64 लाख की लागत से वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इसके साथ ही 703.08 लाख के कार्यों का भूमिपूजन एवं 296.36 लाख के कार्यों का लोकार्पण भी किया गया। इसमें डीके कॉलेज रोड में आरसीसी नाली निर्माण कार्य 14.20 लाख, दिनेश वर्मा क्लीनिक से राम मंदिर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य 18.05 लाख का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### कड़कती ठंड में अलाव जलाकर ला रहे गर्माहट

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में ठंड का अहसास तेज होने लगा है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा ठंड से बचाने के लिए लकड़ी का अलाव जलाया जा रहा है। वार्ड नंबर 4 में लोगों ने ठंड से बचने अलाव का सहारा लिया। इस दौरान लिली बाई निर्मलकर, बंटी पटेल, ओंकार निर्मलकर, तनु, पुष्कर, राधे, दुर्गश, मोनिका, शंकर, दिनेश्वरी मौजूद थे।



## व्यसन मुक्त युवाओं का गायत्री परिवार ने किया सम्मान

**टोपा बलौदाबाजार।** ग्राम टोपा में अखिल विश्व गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा ग्राम तीर्थ दीप यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से आए छात्रों एवं भारतीय विद्या मंदिर गायत्री गुरुकुल रवान के बाल पुरोहित टोली द्वारा संगीतमय दीप यज्ञ कराया गया एवं गांव को तीर्थ का स्वरूप देने की प्रेरणा दी गई। गायत्री शक्तिपीठ भाटापारा द्वारा आओ संभाले भावी पीढ़ी कार्यक्रम के अंतर्गत वीडियो प्रदर्शन द्वारा व्यसन मुक्ति हेतु लोगों को जागरूक किया गया तथा गांव की 25 व्यसन मुक्त युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी युवाओं ने आजीवन व्यसन मुक्त रहने का एवं रचनात्मक कार्यों में सहभागिता देने का संकल्प लिया। सरपंच मिथलेश साहू ने गायत्री परिवार के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के परिजन हींचा राम ध्रुव, सियार के वर्मा, बुधराम बुद्धेश्वर वर्मा, तेजराम साहू, कौशल प्रसाद वर्मा, शशिकांत साहू, गंगा प्रसाद यादव, बबन प्रसाद उपस्थित थे।



## अकलतरा की टीम बनी विजेता...




**सिमगा।** ब्लाक के ग्राम पंचायत करहूल में गत दिनों क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें करहूल एवं अकलतरा के टीम के बीच में फाइनल मैच खेला गया। इसमें अकलतरा की टीम विजेता तथा करहूल की टीम उपविजेता रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा नेता रोशन साहू, ग्राम पंचायत करहूल के सरपंच जोगेंद्र साहू, विष्णु कोसले, रिंकु साहू, अभिषेक साहू, राकेश साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## संकुल जमगहन के स्कूलों में शोकसभा का आयोजन करके शिक्षक को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



■ मिडिल स्कूल थरकपुर में पदस्थ शिक्षक अशोक कुमार को किया याद

संकुल जमगहन के शासकीय मिडिल स्कूल थरकपुर में पदस्थ शिक्षक अशोक कुमार रजक का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। मिडिल स्कूल ठरकपुर में पदस्थ शिक्षक अशोक कुमार रजक खेलकूद के साथ–साथ विषय पर गहरी पकड़ रखने वाले शिक्षक थे। पिछले 1 वर्ष से उनका तबीयत खराब चल रही थी। श्री रजक अपने मिलनसार व्यक्तित्व और सेवा भाव के लिए जाने जाते थे उनके देहावसान होने पर शैक्षिक संकुल जमगहन के सभी स्कूलों में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिडिल स्कूल प्रधानपाठक कामता प्रसाद साहू संकुल प्राचार्य एस डी मानिकपुरी और. प्रधान पाठक पंकज कुमार दुबे ने बताया कि मिलनसार व्यक्तित्व और कर्तव्यपरायण शिक्षक के रूप में उनको हमेशा याद किया जाएगा। शिक्षक के निधन से पूरा संकुल परिवार के साथ विकास खंड बिलाइगढ़ शिक्षा विभाग दुखी है। श्रद्धांजलि सभा में जिला शिक्षा अधिकारी एल पी पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ऐस ऐन साहू ,एबीईओ दिव्यप्रकाश सोनी एबी ई ओ भोई सर समस्त शंकुल समन्वयक उपस्थित थे।

